क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार, 21.08.2017
1830—1840

<u>मुख्य समाचारः—</u>

- प्रधानमंत्री ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की। कहा — किसानों की सुविधा के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्थानीय भाषा में छपने चाहिएं।
- राज्य के महाविद्यालयों में होने वाले छात्र संघ चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का सख्ती से पालन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून में जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
- सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार और ऋषिकेश के गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी रही।

<u>समीक्षा</u>
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि क्षेत्र की दो परियोजनाओं—मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की। श्री मोदी ने कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता में बदलाव का पता लगाने के लिए नमूना यंत्रों और विभिन्न क्षेत्रों में मिट्टी के परीक्षण की प्रयोगशालाओं की उचित जांच होनी चाहिए। इससे गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड को स्थानीय भाषा में छपने चाहिएं, ताकि किसान उन्हें आसानी से पढ़ और समझ सकें। नवीनतम प्रौद्योगिकी को तेजी से स्वीकार करने की प्रवृति को प्रोत्साहित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि मिट्टी की जांच हाथ से इस्तेमाल होने वाले यंत्रों के जरिये संभव होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस काम में स्टार्टअप और उद्यमियों को शामिल करने की संभावनाएं तलाशें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में श्री मोदी को जानकारी दी गई कि 2016 के खरीफ मौसम और 2016—17 के रबी मौसम के दौरान सात हजार सात सौ करोड़ रूपये का भुगतान किया गया और इससे 90 लाख से ज्यादा किसानों को फायदा हुआ।

<u>पालन</u>
राज्य के महाविद्यालयों में होने वाले छात्र संघ चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस मामले में डिग्री कॉलेज के प्राचार्यों और चुनाव अधिकारियों के साथ विधानसभा में बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव, लिंगदोह सिफारिशों के अनुसार सम्पन्न कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव में नोटा का भी प्रयोग किया जाएगा। श्री रावत ने बताया कि गढ़वाल विश्वविद्यालय के चुनाव 10 सितम्बर तक जबकि कुमांऊ विश्वविद्यालय में चुनाव 25 सितम्बर तक समपन्न कराए जाएगें।

<u>बायो टॉयलेट</u>
हल्द्वानी नगर निगम को खुले में शौच से मुक्त करने की कवायद शुरू हो गई है। नगर निगम द्वारा शहर की मलीन बस्तियो में 44 बायो टॉयलेट लगाए जाएंगे। जबकि शहर क्षेत्र में 85 मोबाइल टॉयलेट लगेंगे। नगर निगम को बजट भी जारी किया जा चुका है। इसके अलावा शहर में ई—टॉयलेट भी लगाए गए हैं।

<u>खनन कार्रवाई</u>

अवैध खनन पर चमोली प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी आशीष जोशी ने अलकनंदा नदी में हो रहे अवैध खनन को लेकर दो क्रशर संचालको पर 24 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने खनन विभाग और सभी तहसीलों के एसडीएम को अवैध खनन पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

<u>ऑनलाइन</u>
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आई.आई.टी. में संयुक्त प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई. अगले वर्ष से पूरी तरह ऑन लाइन हो जाएगी। आई. आई.टी. में दाखिले की नीति निर्धारित करने वाले संयुक्त प्रवेश परीक्षा बोर्ड ने कल चेन्नई में यह निर्णय लिया।

बारिश / भूस्खलन

प्रदेश में पिछले कुछ समय से बारिश में कमी आई है, लेकिन भूस्खलन के कारण सड़कों पर मलबा आने से यातायात बाधित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी करीब 50 से अधिक संपर्क मार्ग बंद हैं। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण राज्य में सैकड़ों सड़के भूस्खलन से बंद हो गई थी। वहीं, बदरीनाथ के पास लामबगड़ में मलबा आने से ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर आवाजाही बंद हो गई है। मार्ग को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेशभर में बादल छाए रहने के साथ कुछ एक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। उधर, पिछले दिनों बादल फटने के कारण आपदाग्रस्त हुए पिथौरागढ़ के मालपा में प्रशासन का सर्च अभियान जारी है। एक सप्ताह पहले बादल फटने से मालपा और मांगती में सेना के कैंप के साथ पूरे इलाके को भारी नुकसान पहुंचा था। इस हादसे में करीब 20 लोग अभी भी लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है। हालांकि इन लोगों के मिलने की उम्मीद बहुत कम है।

शोध प्रस्ताव

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा एक ऐसा डिवाईस विकसित करने के लिए शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं जो कि वाहन चालक के निर्धारित मात्रा से अधिक अल्कोहॉल सेवन करने पर वाहन के इंजन को स्वतः ही बंद कर देगा। विश्वविद्यालय ने ऐसे इनोवेशन के लिए इच्छुक छात्र–छात्राओं, रिसर्च स्कॉलर्स और फेकल्टी से शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। प्रस्ताव में फ्लो–डाईग्राम सहित सम्पूर्ण प्रक्रिया, हार्डवेयर व साफ्टवेयर आवश्यकताओं और अनुमानित लागत का पूरा जिक्र होना चाहिए। प्रस्ताव दिनांक 20 सितम्बर 2017 तक जमा कराया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा सबसे अधिक उपयुक्त प्रस्ताव का चयन कर इसे विकसित करने के लिए आवश्यक शोध एवं विकास सहयोग प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में राजभवन में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक में राज्यपाल डॉ. कृष्ण कांत पाल ने इस तकनीक पर शोध करने के निर्देश दिए थे। यदि ऐसी तकनीक विकसित हो जाती है तो वाहन दुर्घटनाओं पर काफी रोक लगेगी।

जनता दरबार

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आज देहरादून में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसमें लगभग 300 आवेदन आर्थिक सहायता के थे। मुख्य शिकयतें भूमि हस्तानांतरण, भूस्खलन और सड़क निर्माण आदि से संबंधित थी। विभागों से संबन्धित समस्याओं पर मुख्यमंत्री ने संबन्धित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता संबन्धी आवेदनों को पंजीकृत कर उनका परीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय में दर्ज कर उनका नियमित अनुश्रवण करने को कहा है।

सोमवती अमावस्या

सोमवती अमावस्या पर आज हरिद्वार और ऋषिकेश के गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी रही। सुबह से ही गंगा घाटों पर स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान दक्षिणा दी। सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान, दान और देवपितृ तर्पण करने का बड़ा महत्व है। आज के दिन विश्व के कुछ हिस्सों में सूर्यग्रहण भी है। भारत में सूर्यग्रहण नहीं दिखने से सूतक आदि का कोई प्रभाव गंगा स्नान या पूजा–पाठ पर नहीं पड़ा।

अनुमोदन

बागेश्वर जिलायोजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष के लिए शासन द्वारा 41 करोड 86 लाख रुपए की योजनाओं का अनुमोदन किया गया है। कैबिनेट मंत्री प्रकाश पंत ने आज जिला योजना समिति के सदस्यों और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर यह धनराशि अनुमोदित की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य देकर उन्हें निर्धारित समय के अन्तर्गत काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने पिण्डारी ट्रैक रूट की तर्ज पर सरमूल ट्रैक रूट के विस्तारीकरण के लिए वन विभाग और पर्यटन विभाग को संयुक्त रूप से काम करने के निर्देश भी दिए। श्री पंत ने अधिकारियों को कहा कि वे जिले में चल रही योजनाओं को प्राथमिकता के अनुसार पूरा कर योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग से आज प्रसारित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक का विषय है। रोगवाहक बीमारियों से बचाव और उपचार। यह कार्यक्रम एफ एम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित किया जायेगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–5 7 6 7 पर स्टूडियो में मौजूद विशेषज्ञों से सवाल पूछ सकते हैं।

दीक्षांत परेड

पुलिस लाइन चम्बा में दीक्षांत समारोह के बाद 146 महिला प्रशिक्षु उत्तराखंड पुलिस में शामिल हो गईं। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन अशोक कुमार ने परेड की सलामी ली और महिला सिपाहियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का तीसरा राज्य बन गया है, जिसने दस प्रतिशत से अधिक महिलाओं को पुलिस बल में शामिल किया है।

निरीक्षण

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज हरिद्वार में सिंचाई विभाग और गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा नव–निर्मित राज्य अतिथि गृह का निरीक्षण किया। मायापुर स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बायोमैट्रिक हाजिरी सिस्टम का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी पुरानी फाइलों का डाटा कम्प्यूटर में सुरक्षित रखने और फाइलों को संरक्षित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने दीवारों पर आने वाले सीलन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए दीवारों को तत्काल रिपेयर करने के निर्देश दिये। श्री महाराज ने बताया कि शीघ्र ही वह सिंचाई विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री से भेंट कर जमरानी बांध के संबंध में वार्ता करेंगें। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध से मिलने वाले पानी से हल्द्वानी की जल संकट की समस्या दूर होगी। गढवाल मंडल विकास निगम द्वारा नव निर्मित वी.आई.पी. गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर उन्होंने पार्किंग में लगाई गयी टाइल्स के सैम्पल की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस गेस्ट हाउस का लोकार्पण किया जाएगा।

कन्हैया की डोली

मसूरी में पिछले 130 सालों से लगातार निकाली जा रही कन्हैया की डोली इस बार भी धूमधाम से निकाली गई। कन्हैया की डोली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा में जौनपुर महासू देवता सांस्कृतिक समिति के कलाकारों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ लोक नृत्य प्रस्तुत किए। भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकियों ने लोगों का मन मोहा।

कार्यशाला

रूद्रप्रयाग जिला प्रशासन द्वारा जिले की सड़कों के रख–रखाव कार्य को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सड़कों के रख रखाव का कार्य करने वाली महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाई की यह पहल अपने आप में एक ऐसी पहल जो महिलाओं को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से महिलाओं को रोजगार का भी जरिया प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रख–रखाव का काम करने वाले महिला मंगल दल को 1 लाख 55 हजार का चैक भी प्रदान किया।